प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19.ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा में,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– कानपुर नगर।

पत्र संख्याः–एस.पी.एम.यू./एम.आई.एस./सपोर्टिव सुपरविजन/2019–20/ 9721 दिनांकः 24.2.2020

**विषयः– राज्य स्तरीय टीम द्वार दिनांक 22–24 जनवरी , 2020 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स/समस्याओं/के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत हैं कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 22–24 जनवरी, 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे प्रतिपुष्टि साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीया,**

**(जसजीत कौर)**
**अपर मिशन निदेशक**

पत्र संख्याः–एस.पी.एम.यू./एम.आई.एस./सपोर्टिव सुपरविजन/2019–20/ तद्दिनांकः

**प्रतिलिपि–** मिशन निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ एवं निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद–कानपुर नगर।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक/ मण्डलीय अर्बन हेल्थ कन्सलटेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कानपुर।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश कानपुर नगर।

**(सुधा यादव)**
**महाप्रबंधक, मानव संसाधन**

# जनपद कानपुर नगर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या

**भ्रमणकर्ता अधिकारी** :– सुधा यादव, महाप्रबंधक, मानव संसाधन, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।
महेन्द्र प्रताप यादव, उपमहाप्रबंधक, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।
विनीत सिंह, सलाहकार, एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम., लखनऊ।

भ्रमण दिनांक :– 22 से 24 जनवरी 2020

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर–**

| क्रम स0 | भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही / सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवन में संचालित है। केन्द्र हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के रूप में चिन्हित एवं ई–यू0पी0एच0सी0 के रूप में क्रियाशील है। गत माह मे स्वास्थ्य केन्द्र पर 995 ओ0पी0डी0 की गयी है। | ई–यू0पी0एच0सी0 हेतु क्रियाशील सॉफ्टवेयर के माध्यम से कार्य किया जा रहा था, परन्तु औषधि की उपलब्धता एवं पेशेन्ट सर्विस डिलीवरी आदि से सम्बन्धित रिपोर्ट का उपयोग नहीं हो रहा था। ई–यू0पी0एच0सी0 सॉफ्टवेयर का उपयोग कर औषधियों की उपलब्धता एवं पेशेन्ट फॉलोअप आदि कार्य सम्पादित किये जाने का सुझाव दिया गया।<br>अर्बन कोआर्डिनेटर को समय–समय पर सॉफ्टवेयर क्रियान्वयन एवं उपयोग हेतु प्रशिक्षण / हैन्ड होल्डिंग दिये जाने का सुझाव दिया गया। | अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 2 | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर हेतु उपलब्ध कराया गया कम्प्यूटर स्थापित नहीं पाया गया। | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर हेतु उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर को तत्काल स्थापित कराये जाने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 3 | केन्द्र पर किये जाने वाले 63 जॉचों एवं उपलब्ध औषधियों की सूची उपलब्ध नहीं थी। | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के अन्तर्गत किये जाने वाले 63 जॉचों एवं उपलब्ध औषधियों की सूची स्वास्थ्य केन्द्र सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया। | अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ Patient Biometric नहीं लगया गया है तथा कन्सेंट फार्म नहीं भरे जा रहे थे। | Patient Biometricएवं कन्सेंट फार्म ई–यू0पी0एच0सी0 सॉफ्टवेयर का महत्वपूर्ण प्रक्रिया है अतः उक्त प्रक्रिया को शत / प्रतिशत पूर्ण करने का सुझाव दिया गया। | |
| 5 | नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 02 स्टाफ नर्स तैनात है जिन्हे पोलियो सुपरविजन की ड्यूटी मे लगाया गया था। इस कारण से स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सा कार्य प्रभावित हो रहा था। | स्वास्थ्य केन्द्र पर कम से कम एक स्टाफ नर्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम. / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 6 | नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मधुमेह की औषधि उपलब्ध नही है। | मधुमेह की औषधि शीघ्र उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम. / मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 7 | नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात 11 आशाओ के सापेक्ष 11 महिला आरोग्य समिति का गठन किया गया है किन्तु 9 महिला आरोग्य समिति के बैंक खाते ही खोले गये हैं। | शेष 2 महिला आरोग्य समिति के बैंक खाते अतिशीघ्र खुलवाये जाने का सुझाव दिया गया। | अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 सुनीता सेठ द्वारा ई–यू0पी0एच0सी0 के कम्पयूटर साफ्टवेयर मे आ रही कठिनाईयो जैसे इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने पर की गई आफलाईन इंट्री का डाटा आनलाईन दिखायी न देने आदि के बारे मे बताया गया तथा इसको और बेहतर करने के बारे मे सुझाव भी दिये गये। | सेवा प्रदाता फर्म ई–वैद्या के प्रतिनिधि से data sync सुविधा को क्रियाशील करने को कहा गया। ई–यू0पी0एच0सी0 के प्रभारी चिकित्साधिकारियो का फीड बैक संकलित कर राज्य स्तर पर प्रेषित करने का सुझाव दिया गया। | अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर/ नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम. |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिठूर–**

| क्रम स0 | भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से बायो मेडिकल वेस्ट का collection गत एक सप्ताह से नही किया गया था। | बायो मेडिकल वेस्ट का collection नियमित रूप से कराने एवं उसका डॉक्यूमेन्टेशन किये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 2 | जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत दिये जा रहे भोजन मे सिर्फ दूध, बिस्किुट तथा ब्रेड/रस्क दिया जा रहा था। | जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत मरीजो को निर्धारित मानकानुसार भोजन उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी /मुख्य चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष मे प्रोटोकाल पोस्टर नही लगे थे। | प्रसव कक्ष मे प्रोटोकाल पोस्टर लगाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर electricity backup की व्यवस्था न होने के कारण बिजली न आने की दशा मे रेडियन्ट वार्मर अक्रियाशील था। | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर electricity backup की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 5 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर साफ सफाई अच्छी नही थी। स्वास्थ्य केन्द्र मे चूहे इधर–उधर घूम रहे थे। | सफाई व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 6 | प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के रूप में चिन्हित है। यहां नियमित योग किया जा रहा है। | योग हेतु प्रयोग में लाये जा रहे स्थान पर सम्बन्धित प्रचार–प्रसार सामाग्री प्रदर्शित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| 7 | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर हेतु उपलब्ध कराया गया कम्प्युटर माह अक्टूबर 2019 मे सी0एच0सी0 कल्याणपुर मे भेज दिया गया था। स्वास्थ्य इकाई पर एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का रिकार्ड उपलब्ध नही था। | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर हेतु उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर को स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थापित कराया जाने व एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का रिकार्ड बनाये जाने व अद्यतन रखने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| 8 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मधुमेह व उच्च रक्तचाप की औषधि उपलब्ध नही है। डाक्लोफिनेक टेबलेट भी उपलब्ध नही थी। | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर समस्त निर्धारित औषधि की उपलब्धता शीघ्र ही सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी /मुख्य चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 9 | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के अन्तर्गत आशाओ को C-BAC फार्म एक सप्ताह पूर्व ही उपलब्ध कराये गये है। एन0सी0डी0 अभियान के अन्तर्गत स्क्रीनिंग का लक्ष्य 1338 का है जिसके सापेक्ष प्रगति की सूचना उपलब्ध नही | C-BAC फार्म को तत्काल पूर्ण करते हुए 30 वर्ष से अधिक उम्र के पुरूष/ महिला की क्रमशः 3 व 5 बीमारियो ( मधुमेह उच्च रक्तचाप तथा मुख/ स्तन / गर्भाशय कैसर) हेतु स्क्रीनिंग | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | थी। | किये जाने तथा पोर्टल पर इंट्री सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। | |
| 10 | चिकित्साधिकारी कक्ष मे रखी examination table पर mattress नही थी। | Examination table पर mattress बिछाने को कहा गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 11 | हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर स्टाफ की सूची हेतु बोर्ड लगा था परन्तु किसी भी स्टाफ संबंधी सूचना नही प्रदर्शित की गयी थी। | बोर्ड पर मार्कर से समस्त स्टाफ संबंधी सूचना तत्काल लिखने को कहा गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाथीपुर ब्लाक– सरसौल**

| क्रम स0 | भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सिर्फ एक MHCP स्टाफ नर्स तैनात है। यहां प्रसव नही हो रहा है। | प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स तैनात करने का सुझाव दिया गया जिससे प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द पर प्रसव कराये जा सके तथा सी0एच0सी0 सरसौल पर भार कम हो। | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से बायो मेडिकल वेस्ट का collection सप्ताह मे दो बार ही किया जा रहा है। | बायो मेडिकल वेस्ट का collection नियमित रूप से कराने एवं डॉक्यूमेन्टेशन किये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 3 | बायो मेडिकल वेस्ट लाग बुक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध नही थी। | बायो मेडिकल वेस्ट लाग बुक बनाने व अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के रूप में चिन्हित है। एन0सी0डी0 अभियान के अन्तर्गत स्क्रीनिंग का लक्ष्य 925 का है जिसके सापेक्ष अब तक 20 C-BAC फार्म ही भरे गये थे तथा 15 फार्म ही पोंटल पर अपलोड किये गये थे। | C-BAC फार्म को भरने व पोंटल पर तत्काल अपलोड करने तथा 30 वर्ष से अधिक उम्र के महिला/पुरूष की एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग के कार्य को गति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| 5 | एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का रजिस्टर स्वास्थ्य केन्द्र पर नही बनाया गया है। | एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का रजिस्टर बनाने व ओ0पी0डी0 मे आने वाले समस्त 30 वर्ष से अधिक उम्र के पुरूष/ महिला की स्क्रीनिंग किये जाने को कहा गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरसौल–**

| क्रम स0 | भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीन 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 46 उपकेन्द्र संचालित है।एन0सी0डी0 अभियान के अन्तर्गत स्क्रीनिंग का लक्ष्य 2264 का है | भरे जा रहे C-BAC फार्म को पोंटल पर तत्काल अपलोड करने व 30 वर्ष से अधिक उम्र के महिला/पुरूष की | चिकित्साधीक्षक/ डी0सी0पी0एम0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जिसके सापेक्ष अब तक 100 C-BAC फार्म ही भरे गये थे तथा एक भी फार्म पोंटल पर अपलोड नही किया गया था। | एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग के कार्य को गति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। | |
| 2 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत वर्तमान मे 77 ग्राम स्वास्थ्य व पोषण समिति कार्यरत है। सभी के बैंक खाते खुल चुके है परन्तु अनटाईड धनराशि सिर्फ पुरानी 62 समितियो को ही निर्गत की गयी है। | शेष 15 समितियो को अनटाईड धनराशि निर्गत किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक / डी0सी0पी0एम0 / ब्लाक लेखा प्रबंधक |
| 3 | जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत इस वर्ष हुए 2042 प्रसव के सापेक्ष 1894 लाभार्थियो का भुगतान किया जा चुका है। | शेष लाभार्थियो का भुगतान शीघ्र कराने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक लेखा प्रबंधक |
| 4 | रोगी कल्याण समिति की बैठको मे प्रस्तुत प्रस्तावो का वित्तीय अनुमोदन नही लिया जा रहा है। | रोगी कल्याण समिति की बैठको मे प्रस्तुत प्रस्तावो की अनुमानित लागत भी अंकित किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक |
| 5 | चिकित्सालय में खडी 102 एम्बुलेंस यू0पी0–32 ई0जी0 0642 पर्याप्त दवाएं उपलब्ध नहीं थी | राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप से जॉच करायी जाने तथा दवाईयो की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने को कहा गया। | चिकित्साधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 6 | एम्बूलेंस के कर्मचारियों द्वारा DBR/PCR की प्रति चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। | प्रत्येक मरीज के DBR/PCR की प्रति चिकित्सालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने को कहा गया। | चिकित्साधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबंधक |

| क्रम स0 | ए0एच0एम0 डफरिन महिला चिकित्सालय<br>भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय मे 12 शैया का एस0एन0सी0यू0 क्रियाशील है। दो वार्मर खराब थे जिनकी शिकायत दर्ज नही कराई गयी थी। | तत्काल शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। | प्रमुख चिकित्साधीक्षक |
| 2 | के0एम0सी0 कक्ष मे पर्याप्त आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही है। | के0एम0सी0 कक्ष मे मानकानुसार आई0ई0सी0 प्रदर्शित करने का सुझाव दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक / प्रमुख चिकित्साधीक्षक |
| 3 | चिकित्सालय में खडी 102 एम्बुलेंस यू0पी0–32 ई0जी0 0764 मे दवाएं उपलब्ध नहीं थी। हूटर भी खराब था। एम्बुलेंस स्टाफ ने एप्रेन नही पहना हुआ था। आक्सीजन सिलेण्डर की चाबी भी खोजनी पड़ी थी।<br>DBR/PCR दो प्रति मे ही बनाया जा रहा था तथा चिकित्सालय में इसकी प्रति उपलब्ध नहीं करायी जा रही थी। | राज्य स्तर से प्रेषित निर्देशो के अनुसार एम्बूलेंस की नियमित रूप से जॉच करायी जाने तथा उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित कराये जाने का सुझाव दिया गया।<br>ई0एम0टी0 को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। | प्रमुख चिकित्साधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबंधक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | चिकित्सालय में उपलब्ध 108/102 के रजिस्टर को एम्बुलेंस के कर्मचारियों द्वारा भरा जा रहा है। | 108/102 के रजिस्टर को चिकित्सालय स्टाफ द्वारा भरे जाने व प्रत्येक मरीज के DBR/PCR की प्रति चिकित्सालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रमुख चिकित्साधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 5 | चिकित्सालय मे तैनात डा0 रुचि साहू विगत 6 माह से अनुपस्थित चल रही है। | अनुपस्थित चिकित्सक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही का सुझाव दिया गया। | प्रमुख चिकित्साधीक्षक |
| 6 | जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत इस वर्ष हुए 6704 प्रसव के सापेक्ष 5183 लाभार्थियो का भुगतान किया जा चुका है। | शेष लाभार्थियो का भुगतान शीघ्र कराने का सुझाव दिया गया। | प्रमुख चिकित्साधीक्षक |
| 7 | चिकित्सालय पर साफ सफाई व अभिलेखो का रखरखाव अच्छा पाया गया। | | |

अन्य बिंदु

| क्रम स0 | भ्रमण आख्या | की गई कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | जनपद मे प्रस्तावित विभिन्न प्रशिक्षणो का कलैन्डर राज्य स्तर उपलब्ध कराये जाने के बावजूद प्रशिक्षण की प्रगति का कोई स्पष्ट ब्यौरा उपलब्ध नही था। भ्रमण दल द्वारा मागे जाने पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने पहली बार ई–मेल से प्रशिक्षण कलैण्डर डाउनलोड किया। | लंबित प्रशिक्षणो की कार्ययोजना तत्काल बनाकर प्रशिक्षण पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक /संबंधित नोडल अधिकारी/ मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 2 | जनपद में मानव संपदा पोर्टल पर मैपिंग की प्रगति अत्यन्त कम है। दिनांक 24/10/2020 तक 1303 के सापेक्ष सिर्फ 327 स्टाफ की ही मैपिंग की गयी थी। | इस हेतु अभियान चलाकर जनवरी माह मे मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये साथ ही जनपद मुख्यालय पर ब्लॉकवार रोस्टर तैयार कर उक्त कार्य को सात कार्य दिवसों में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक/ जिला लेखा प्रबंधक |
| 3 | जनपद में संविदा के आधार पर तैनात कार्मिको के मासिक मानदेय /वार्षिक वृद्धि का भुगतान समय से नही हो रहा है। | जनपद मे कार्यरत सभी संविदा कर्मियों का मानदेय नियत समय पर उपलब्ध कराये जाने का सुझाव दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक/ जिला लेखा प्रबंधक |
| 4 | जनपद मे वाक इन इंटरव्यू हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति व जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बतायी गयी मानव संसाधन रिक्तियो मे विसंगति के बारे मे पूछे जाने पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा गोलमोल जवाब देकर गुमराह करने का प्रयास किया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक को अपनी कार्यशैली मे सुधार लाने हेतु सचेत किया गया। महाप्रबंधक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन को अवगत कराते हुए अपने स्तर से जिला कार्यक्रम प्रबंधक को चेतावनी जारी करने का अनुरोध किया जाता है। | महाप्रबंधक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, एन0एच0एम0, उ0प्र0। |
| 5 | जनपद में आर0सी0एच0 पोर्टल पर data updation की प्रगति अत्यन्त कम है। | अरबन क्षेत्र के अन्तर्गत आर0सी0एच0 पोर्टल पर लाभार्थियों की शत–प्रतिशत इन्ट्री हेतु आउटसोर्सिंग के | जिला कार्यक्रम प्रबंधक/ नोडलअधिकारी आर0सी0एच0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | माध्यम से उपलब्ध करायी गयी धनराशि का उपयोग करने का सुझाव दिया गया।<br>सभी ब्लॉक ऑपरेटर द्वारा आर0सी0एच0 पोर्टल पर लाभार्थियों की इन्ट्री के आधार पर कम प्रगति वाले ब्लॉकों हेतु ब्लॉकवार रोस्टर तैयार कर बैकलॉग कार्य को पन्द्रह कार्य दिवसों में पूर्ण करने का सुझाव दिया गया। | |
| 4 | जनपद में अनमोल एप्लीकेशन लागू किये जाने हेतु तैयारी की स्थिति | जनपद को अनमोल एप्लीकेशन लागू किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही यथा आर0सी0एच0 पोर्टल पर ए0एन0एम0 एवं उससे सम्बन्धित सूचनाओं को अद्यतन किया जाना एवं बैकलॉग इन्ट्री पूर्ण किया जाना आदि कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का सुझाव दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 5 | जनपद में अनमोल एप्लीकेशन हेतु मास्टर ट्रेनर एवं ए0एन0एम0 के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में। | राज्य स्तर पर आयोजित टी0ओ0टी0 द्वारा प्रशिक्षित ट्रेनर्स को जनपद स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स की टी0ओ0टी0 शीघ्र पूर्ण कराने का सुझाव दिया गया।<br>जनपद की समस्त ए0एन0एम0 का अनमोल एप्लीकेशन हेतु अभिमुखिकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |

मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी आर0सी0एच0 के साथ बैठक कर उपरोक्त बिन्दुओं से अवगत कराया गया तथा सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु अपने स्तर से सम्बंधित को निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| विनीत सिंह<br>कन्सलटेन्ट –एन0यू0एच0एम0 | महेन्द्र प्रताप यादव<br>उपमहाप्रबंधक–एम0आई0एस0 | सुधा यादव<br>महाप्रबंधक–मानव संसाधन |

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19.ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– कानपुर नगर।

पत्र संख्याः–एस.पी.एम.यू. / एम.आई.एस. / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / दिनांकः 24.2.2020

**विषयः– राज्य स्तरीय टीम द्वार दिनांक 22–24 जनवरी , 2020 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स / समस्याओं / के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 22–24 जनवरी, 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे प्रतिपुष्टि साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार ।**

भवदीया,

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः–एस.पी.एम.यू. / एम.आई.एस. / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 9721-6 तद्दिनांकः

**प्रतिलिपि–** मिशन निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ एवं निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद–कानपुर नगर।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक / महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक / मण्डलीय अर्बन हेल्थ कन्सलटेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कानपुर।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश कानपुर नगर।

(सुधा यादव)
महाप्रबंधक, मानव संसाधन